क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय-बिहार, पंचदीप भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Tel: 0612-25211928, Fax: 0612-2533314
E-mail: rd-bihar@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

प्रेस विज्ञप्ति

श्री सुरेंद्र राम, माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार का कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल एवं महाविद्यालय, बिहटा का दौरा.

पटना, 01/08/2023

आज दिनांक **01/08/2023** को श्री सुरेंद्र राम, माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल एवं महाविद्यालय, बिहटा का दौरा किया गया. मंत्री महोदय द्वारा सम्पूर्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान इनके द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की गयी एवं वहां उपलब्ध होनेवाली सुविधाओं का भी विस्तृत जायजा लिया गया. इसके उपरांत उनके द्वारा मरीजों के खान-पान की सुविधा को बेहतर करने का निर्देश दिया गया. साथ ही, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपलब्ध हो रही चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की गयी. समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री द्वारा इस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सुविधा भी शुरू किये जाने की सलाह दी गयी. उनके द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल एवं महाविद्यालय, बिहटा का प्रचार-प्रसार बीमित व्यक्तियों के बीच भी अधिक से अधिक किया जाए. साथ ही, यहाँ उपलब्ध हो रही सुविधाओं का विवरण लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाए ताकि वे इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा उठा सकें.

माननीय मंत्री द्वारा बीमित व्यक्तियों के आधार सीडिंग के कार्य के लिए बनाए गए कियोस्क का भी निरीक्षण किया गया एवं आधार सीडिंग के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया.

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ0 विनय कुमार विश्वास द्वारा कॉलेज की प्रगति के सम्बंध में स्थिति का विस्तृत विवरण माननीय मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

मौके पर उपस्थित श्री संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार द्वारा भी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विकास के लिए बनाए गए रोड मैप की जानकारी दी गयी एवं सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सुविधा शुरु किए जाने के सम्बंध में किए जा रहे प्रयासों से भी माननीय मंत्री को अवगत कराया गया.

तदुपरांत मंत्री महोदय द्वारा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के परिसर में वृक्षारोपण किया गया. मौके पर श्रम संसाधन विभाग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों द्वारा भी मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया. इस कॉलेज को हरित क्षेत्र बनाने के लिए भी चर्चा की गयी एवं इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया.

क्षेत्रीय निदेशक